कदम कदम पर रक्षा करता,
घर घर करे उजाला उजाला,
खाटू वाला खाटू वाला,
ओ लीले घोड़े वाला,
खाटू वाला खाटू वाला,
ओ लीले घोड़े वाला।।

मन मंदिर के वास करो तुम,
दूर करो अंधियारा,
पापों का मेरे नाश करो तुम,
बन कर के रखवारा रखवारा,
खाटू वाला खाटू वाला,
ओ लीले घोड़े वाला।।

जब जब भीड़ पड़ी भक्तो पर,
उनकी विपदा टाली,
सच्चे मन से जो भी पुकारे,
प्रगटे दीनदयाला दयाला,
खाटू वाला खाटू वाला,
ओ लीले घोड़े वाला।।

नेम नियम से जो कोई ध्यावे,
मन की मुरादे पावे,
बिछड़े साथी फिर से मिलाकर,

घर घर प्रेम बढाया बढाया,
खाटू वाला खाटू वाला,
ओ लीले घोड़े वाला।।

भीम सेन के पौत्र लाड़ले,
एहलवती के लाला,
पांडव कुल अवतार श्याम जी,
जपूँ तिहारी माला हो माला,
खाटू वाला खाटू वाला,
ओ लीले घोड़े वाला।।

कदम कदम पर रक्षा करता,
घर घर करे उजाला उजाला,
खाटू वाला खाटू वाला,
ओ लीले घोड़े वाला,
खाटू वाला खाटू वाला,
ओ लीले घोड़े वाला।।

स्वर संजय मित्तल जी।

Source: https://www.bharattemples.com/kadam-kadam-par-raksha-karta/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw